संचिका संख्या–01/स्था०राज०–378/2025–

बिहार सरकार

गन्ना उद्योग विभाग

प्रेषक,

अरूण कुमार,
अवर सचिव।

सेवा में,

प्रभारी पदाधिकारी,
वित्त (वै०दा०वि०को०) विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– दिसम्बर, 2025

विषय :– **श्री विकास कुमार, सहायक निदेशक (शष्य) कीटविद् कार्यालय–उप निदेशक, ईख विकास, पूसा (समस्तीपुर) के दिनांक–09.09.2025 से 06.10.2025 तक प्रभार रहित अवधि का सेवा विनियमन की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कृषि विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–4142 दिनांक–06.09.2025 के क्रमांक–147 द्वारा बिहार कृषि सेवा कोटि–1 (शष्य) समूह 'ख' (मूल कोटि) के पदाधिकारी श्री विकास कुमार की सेवा गन्ना उद्योग विभाग को सौपी गयी। जिला कृषि पदाधिकारी, समस्तीपुर के ज्ञापांक–2709 दिनांक–08.09.2025 के द्वारा सहायक निदेशक (शष्य) एवं समकक्ष के पद से दिनांक–08.09.2025 के अपराह्न से प्रभार त्याग किया गया है। श्री विकास कुमार द्वारा दिनांक–09.09.2025 के पूर्वाह्न मे गन्ना उद्योग विभाग में अपना योगदान समर्पित किया गया।

विभागीय अधिसूचना संख्या–1528 दिनांक–06.10.2025 क्रमांक–17 द्वारा श्री विकास कुमार को सहायक निदेशक (शष्य) कीटविद् कार्यालय–उप निदेशक, ईख विकास, पूसा (समस्तीपुर) के पद पर पदस्थापित किया गया है। श्री विकास कुमार के द्वारा सहायक निदेशक (शष्य) कीटविद् कार्यालय–उप निदेशक, ईख विकास, पूसा (समस्तीपुर) का दिनांक–07.10.2025 के पूर्वाह्न में प्रभार ग्रहण किया गया।

अतएव वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10128 दिनांक–26.12.2003 के आलोक में श्री विकास कुमार, सहायक निदेशक (शष्य) कीटविद कार्यालय–उप निदेशक, ईख विकास, पूसा (समस्तीपुर) का दिनांक–09.09.2025 से 06.10.2025 तक कुल 28 (अट्ठाईस) दिनों का पदस्थापन की अनिवार्य प्रतिक्षा में बितायी गयी अवधि के रूप में विनियमन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. इस पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना की सहमति एवं प्रधान सचिव, गन्ना उद्योग विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह०/–
**अवर सचिव।**

ज्ञाप संख्या–01/स्था०राज०–378/2025– **/पटना, दिनांक– दिसम्बर, 2025**

प्रतिलिपि– महालेखाकार, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, (समस्तीपुर) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01/स्था०राज०–378/2025–**1879. **/पटना, दिनांक–**03 **दिसम्बर, 2025**

प्रतिलिपि– विभागीय लेखा शाखा/उप निदेशक, ईख विकास, पूसा (समस्तीपुर)/ श्री विकास कुमार, सहायक निदेशक (शष्य) कीटविद कार्यालय–उप निदेशक, ईख विकास, पूसा (समस्तीपुर)/श्रीमती शालीनता रानी, आई.टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

03/12/2025

अवर सचिव।



Rajesh Ji Letter